भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा 28वीं वर्षगांठ पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम ' गति ' का आयोजन

नई दिल्ली, 02 अप्रैल , 2023: देश में नागर विमानन के मुख्य आधार स्तंभ भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भा वि प्रा) द्वारा 1 अप्रैल, 2023 को पूर्ण भव्यता के साथ सिरी फोर्ट ऑडिटोरियम, नई दिल्ली में अपनी **28वीं वर्षगांठ** मनाई गई । इस महत्वपूर्ण अवसर पर जनरल (सेवानिवृत्त) (डॉ.) विजय कुमार सिंह माननीय नागर विमानन राज्य मंत्री, श्री राजीव बंसल, सचिव, नागर विमानन मंत्रालय; श्री संजीव कुमार अध्यक्ष, भा वि प्रा, , बोर्ड के सदस्य तथा वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

अपने आधिकारिक संबोधन में, माननीय मंत्री महोदय ने भा वि प्रा के सभी कार्मिकों को बधाई दी और कोविड महामारी के दौरान राष्ट्र की सेवा में भा वि प्रा कार्मिकों के अनुकरणीय योगदान का उल्लेख किया । अध्यक्ष, भा वि प्रा ने टियर-2 और टियर-3 नगरों में हवाई अड्डों के विकास और हवाई अड्डों की वर्तमान अवसंरचना के संवर्धन में भा वि प्रा के महत्वपूर्ण योगदान का उल्लेख किया ।

इस भव्य कार्यक्रम का आरंभ जेनिथ नृत्य समूह द्वारा गणेश वंदना के साथ हुआ इसके पश्चात इस समूह द्वारा कई अन्य आकर्षक प्रस्तुति दी गई । तत्पश्चात " सचेत परंपरा एंड ग्रुप" द्वारा संगीतमय कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया । लोकप्रिय युगल संगीतकार ने अपनी प्रसिद्ध संगीत रचनाओं की प्रस्तुति दी जिसने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

28वीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर भा वि प्रा के अध्यक्ष श्री संजीव कुमार द्वारा भा वि प्रा हवाई अड्डों और टीम को पुरस्कार प्रदान किए गए। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के तत्वावधान में पुरुषों के लिए 42 वीं राष्ट्रीय टीम शतरंज चैम्पियनशिप - 2023 और महिलाओं के लिए 20 वीं राष्ट्रीय टीम शतरंज चैंपियनशिप -2023 में शतरंज (पुरुष और महिला) में स्वर्ण पदक जीतने वाली स्वर्ण पदक विजेता दल को अध्यक्ष द्वारा सम्मानित किया गया।

तिरुचिरापल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को एशिया प्रशांत क्षेत्र में 2 मिलियन यात्रियों की श्रेणी के अंतर्गत एसीआई द्वारा सर्वश्रेष्ठ हवाई अड्डे के लिए सम्मानित किया गया। भा वि प्रा हवाई अड्डों में से तीन हवाई अड्डे; लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, वाराणसी; देवी अहिल्या बाई होल्कर हवाई अड्डे, इंदौर और गोवा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को ए सी आई -ए एस क्यू (ACI-ASQ) सर्वेक्षण 2022 में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। ग्राहक

संतुष्टि सूचकांक के आधार पर महाराणा प्रताप हवाई अड्डा उदयपुर (प्रथम);, रांची हवाई अड्डा (द्वितीय); भोपाल और जम्मू हवाई अड्डा (तृतीय) को पुरस्कार प्रदान किया गया ।

उपर्युक्त के अतिरिक्त, “मेम्बर अवार्ड्स “ जैसे कई अन्य पुरस्कार भी इस अवसर पर प्रदान किए गए। कर्मचारी संतुष्टि सर्वेक्षण से प्राप्त नीतिगत परिणामों के आधार पर एमपीपी टीम को ओडी इंटरवेनशन के निरूपण और कार्यान्वयन के लिए सम्मानित किया गया। मुंबई परियोजना दल को उद्योग और ए एन एस पी (ANSP) दोनों के लिए सुरक्षा, दक्षता और आर्थिक लाभ में सुधार लाने एवं मुंबई हवाई क्षेत्र के सर्वोत्तम उपयोग हेतु सम्मानित किया गया। टीम ए एस एम जी सी एस (ASMGCS) को आई जी आई (IGI) हवाई अड्डे पर ए एस एम जी सी एस (ASMGCS) सिस्टम में नए रनवे और संबंधित टैक्सीवे को वर्तमान सेंसर का उपयोग करके रनवे का कवरेज प्रदान करने हेतु सम्मिलित करने के लिए सम्मानित किया गया। कोलकाता प्रोजेक्ट टीम को आई एम डी(IMD) डेटा का उपयोग करके एआई आर ई पी (AIREP) प्रदान करने के लिए इन-हाउस सिस्टम विकसित करने के लिए सदस्य पुरस्कार प्रदान किए गए, जिसका उपयोग एयरलाइन प्रचालकों को बेहतर पूर्वानुमान और ब्रीफिंग सेवा के लिए किया जाता है ।

निगमित संचार निदेशालय द्वारा जारी
विवरण के लिए कृपया संपर्क करें:
महाप्रबंधक (निगमित संचार), 9811521881, 011-24622787
प्रेस विज्ञप्ति संख्या 1/2023-24

संजीव कुमार, अध्यक्ष, भाविप्रा माननीय नागर विमानन राज्य मंत्री जनरल (सेवानिवृत्त) (डॉ.) विजय कुमार सिंह, श्री राजीव बंसल, सचिव, नागर विमानन, भाविप्रा बोर्ड सदस्यों और वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामय उपस्थिती में श्री दीप प्रज्वलित करते हुए ।

28वीं वर्षगांठ के अवसर पर 1 अप्रैल, 2023 को सिरी फोर्ट ऑडिटोरियम, नई दिल्ली में आयोजित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम - " गति "